**कार्यालय–प्राचार्य, शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)**
www.nrmggcdhamtari.in / E-mail: girlscollegedhamtari@yahoo.com, / Ph: 07722-296487

**NAAC GRADE – 'B'**

क्रमांक 150 /अति. ग्रंथपाल/2024 धमतरी, दिनांक 15.07.2024

## //अतिथि ग्रंथपाल हेतु विज्ञापन//

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.) में ग्रंथपाल के रिक्त पद के विरूद्ध ग्रंथालय के व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि ग्रंथपाल हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 25.07.2024 को सायं 05 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि ग्रंथपाल को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षको और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि ग्रंथालय के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–कीमिलेयर) एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि ग्रंथालय सहायक की अधिकतम आयु 62 वर्ष तक।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**पद का विवरण :–**

| क्रमांक | पद का नाम | रिक्त पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अतिथि ग्रंथपाल | 01 |

**टीप :–**

1. संबंधित पद में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि ग्रंथपाल की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।
2. उक्त विज्ञापन में किसी प्रकार का विरोधाभाष अथवा टंकणीय त्रुटि होने की स्थिति में छ.ग.शासन, शिक्षा विभाग का अतिथि व्याख्याता नीति 2024 प्रभावी/मान्य होगा।

**नोट :–** विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाईट https://www.nrmggcdhamtari.com/ में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

15/07/2024
(डॉ. डी.आर. चौधरी)
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय
धमतरी (छ.ग.)

D:\Harsh\2020-21\Guest Lect 2024

शर्ते :—

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम फिल/पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 25.07.2024 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुकम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है । भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 31.07.2024 कों महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाइट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुकम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 03.08.2024 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 05.08.2024 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि ग्रंथपाल की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :—

| क्र. | विवरण | अतिथि ग्रंथपाल | अतिथि सहायक ग्रंथपाल |
|---|---|---|---|
| 1 | दैनिक मानदेय (प्रति दिवस न्यूनतम 07 घंटा कार्य अवधि) | 1600/— प्रतिदिन (40,000/— प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/— प्रतिदिन (30,000/— प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी, जनपद पंचायत के पीछे, रूद्री रोड़ धमतरी पिन–493773 एवं आवेदित पद आवश्यक रुप से लिखे ।

D:\Harsh\2020-21\Guest Lect 2024

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि ग्रंथपाल को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।

13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।

14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार ग्रंथालय संबंधी कार्य के अतिरिक्त कार्य यथा योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यकम, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में ये सहयोग प्रदान करेंगे।

16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी ग्रंथालय कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में ग्रंथालय कार्य हेतु पात्र नही होंगे।

15/7/2024

(डॉ. डी.आर. चौधरी)
प्राचार्य

प्राचार्य
शास. एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय
धमतरी (छ.ग.)